## कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम देहरादून द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारियों को योजित करने हेतु इच्छुक लेबर लाईसेंस पंजीकृत संस्थाओं को आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत सूचना दिनांक 13.01.2020 तक नगर निगम के वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित अवधि के उपरांत किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।

## कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

पत्रांकः– 04/ST/020 दिनॉकः– 04/01/2020

1. सम्पादक **राष्ट्रीय सहारा** को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में **30 प्रतिशत** छूट देते हुए सामाचार पत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करते हुए बिल भुगतान हेतु दो समाचार पत्र प्रति सहित नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सम्पादक **हिन्दुस्तान** को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में **30 प्रतिशत** छूट देते हुए सामाचार पत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करते हुए बिल भुगतान हेतु दो समाचार पत्र प्रति सहित नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. आई0टी0 अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना नगर निगम की वेब साईट पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. नगर निगम नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

नगर आयुक्त,
नगर निगम, देहरादून।

दे0दून क्यु नं0..........
**निविदा फार्म का मूल्य रू0 500+GST@12%**

# नगर निगम देहरादून

नीचे लिखे कार्य के लिए मोहरबंद लिफाफों में निविदा दिनांक 13.01.2020 की सांय 5:00 बजे तक कक्ष संख्या–12, वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के कार्यालय में जमा कर देना चाहिए जो अगले दिन खोली जाएँगी।

**कार्य का नाम–** नगर निगम देहरादून के पशुचिकित्सा अनुभाग के कार्यों हेतु आउट सोर्सिंग से कार्यरत कार्मिकों को पारिश्रमिक के वितरण एवं भविष्य की मांग अनुसार कार्मिक योजित किया जाना।

| क0सं0 | कार्य का नाम | सर्विस टैक्स दर | संस्था का पारिश्रमिक | लेबर लाईसेंस पंजीकरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर निगम देहरादून के पशुचिकित्सा अनुभाग के कार्यों हेतु आउट सोर्सिंग से कार्यरत कार्मिकों को पारिश्रमिक के अतिरिक्त संस्था द्वारा लिये जाने वाले सर्विस टैक्स एवं संस्था का स्वयं का पारिश्रमिक प्रतिमाह का विवरण। | | | |

हस्ताक्षर निविदादाता

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी
नगर निगम देहरादून

**नगर निगम, देहरादून (पशुचिकित्सा अनुभाग)**

**...गम देहरादून में आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत विभिन्न श्रेणी के कर्मियों जो कि पशुचिकित्सा अनुभाग के कार्यों में लगे हैं के वेतन भुगतान करने के सम्बन्ध में निविदा की शर्तें**

1. निविदा प्रपत्र एवं निविदा सम्बन्धी जानकारी निगम के वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से दिनाँक 13.01.2020 तक 10:00 बजे प्रातः से 4:00 बजे अपराह्न तक (रविवार एवं अवकाश के दिवस को छोड़कर) प्राप्त कर सकते हैं तथा कार्य के सम्बन्ध में कोई अन्य आवश्यक सूचना भी प्राप्त कर सकते हैं। निविदा फार्म क्रय किये जाने के उपरांत यह समझा जायेगा कि ठेकेदार ने कार्य के सम्बन्ध में सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है। निविदाएँ दिनांक 13.01.2020 को सांय 05 बजे तक जमा करनी होंगी जो अगले दिन खोली जाएँगी ।
2. निविदाओं पर निर्णय नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून द्वारा किया जायेगा। निविदा नोटिस में दिये गए निर्धारित समय पर निविदा खोली जायेगी, यदि निविदादाता चाहे तो निविदा खोलने के समय उपस्थित हो सकते हैं।
3. निविदा सील बन्द मजबूत लिफाफों में भेजने आवश्यक हैं। लिफाफे पर "निविदा" शब्द लिखा जायेगा, बगैर सील बन्द निविदा निरस्त कर दी जायेगी। निविदा नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के नाम प्रेषित की जायेंगी। किसी अन्य अधिकारी के नाम निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।
4. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार निगम में निहित होगा। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा स्वीकार ही की जाय।
5. नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के लिखित अनुमोदन के बगैर दरें मान्य नहीं होगी।
6. निविदा में सम्मिलित होने हेतु संस्था को लेबर लाईसेंस में पंजीकृत होने का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
7. निविदादाता द्वारा निविदा के साथ रू0 50,000/– की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के नाम प्लेज हो संलग्न करना अनिवार्य है।
8. कार्य के लिए अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
9. उक्त निविदा प्रक्रिया उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2008 तथा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2017 (संशोधित) के अनुपालन में नगर निगम के पशुचिकित्सा अनुभाग के कार्य में आउट सोर्सिंग से लगे श्रमिकों को पारिश्रमिक उपलब्ध कराये जाने हेतु आमंत्रित की जा रही है।
10. उक्त कार्य में पूर्व–तैनात कार्मिकों से अधिक संख्या में कार्मिकों की तैनाती नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के निर्देश/अनुमोदन पर आवश्यकतानुसार घटाई–बढ़ाई जायेगी।
11. कार्यरत कर्मिकों की संख्या, पारिश्रमिक आदि के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
12. उक्त कार्य में लगे कार्मिकों को कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग, प्रकीर्ण वर्ग, देहरादून के पत्रांक 337/10 अधिप्राप्ति/2019 दिनांक 20/05/2019 द्वारा वर्ष 2019–2020 हेतु निर्धारित दरों में क्रम सं0 01 सं0 05 तक श्रेणी अनुसार ही पशचिकित्सा अनुभाग, नगर निगम देहरादून में लगे श्रमिकों को पारिश्रमिक दिया जायेगा व संस्था को नियत पारिश्रमिक के अतिरिक्त निविदादाता फर्म/संस्था को सर्विस टैक्स आदि भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत करने पर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। नगर आयुक्त महोदय के अनुमोदन पर अधिकृत वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, नगर निगम देहरादून की मांग अनुसार अन्य कार्मिक धटाये या बढायें जा सकते है।
13. निविदादाता फर्म/संस्था द्वारा समस्त कर्मियों को देय पारिश्रमिक वितरण के एवज में अपने सर्विस टैक्स एवं स्वंय के पारिश्रमिक के रूप में ली जाने वाली धनराशि का निविदा में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायेगा।
14. किसी कार्मिक की अनुपस्थिति की दशा में कार्य के पूर्ण किये जाने हेतु अन्य कार्मिक उपलब्ध कराना निविदादाता का दायित्व होगा अन्यथा कार्य प्रभावित होने की दशा में प्रति कार्मिक प्रति दिन पारिश्रमिक के बराबर की दर से भुगतान में से कटौती की जाएगी।

उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए विभाग द्वारा निविदादाता को केवल एक बार ही सूचित किया जाना पर्याप्त होगा।

..................................................

मैंने उपरोक्त नियमों एवं शर्तों का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लिया है यदि यह निविदा स्वीकृत होती है तो मैं/हम उपरोक्त नियमों एवं शर्तों का पालन करते हुए, निर्धारित अवधि में कार्य करने के लिए सहमत हूँ/है। मैंने कार्य सम्बन्धी सभी विवरण देख लिये हैं व निविदा सहित समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।

हस्ताक्षर निविदादाता........................................

नामः...........................................................

पताः...........................................................

हस्ताक्षर

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी,<br>नगर निगम, देहरादून।